an>

Title: Need to set up a passport office in Kolhapur, Maharashtra.

श्री धनंजय महाडीक (कोल्हापुर): माननीय अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे अपने संसदीय क्षेत्र कोल्हापुर के एक महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूँ। कोल्हापुर में वर्ष 2011 तक पासपोर्ट कार्यालय कार्यान्वित था। सितम्बर, 2011 में प्राइवेटाइजेशन के बाद यह टी.सी.एस. कंपनी के पास चला गया, तब से यह कार्यालय बंद है। अभी यह स्थिति है कि कोल्हापुर के लोगों को पासपोर्ट बनवाने के लिए पुणे जाना पड़ता है, जो कोल्हापुर से 250 किलोमीटर दूर है। एक परिवार अगर एप्वाइंटमेंट मांगता है तो उस परिवार को हफ्ते में चार अलग-अलग दिन की एप्वाइंटमेंट मिलती है क्योंकि वहां पर छः जिलों का लोड है। कोल्हापुर एक समृद्ध जिला है, वहां से हजारों लोग विदेश यात्रा के लिए जाते हैं, स्टडीज के लिए हमारे युवक जाते हैं और बिजनेस के लिए भी लोग जाते हैं। मैं इस विषय में माननीय मंत्री सुषमा स्वराज जी से मिला था। माननीय मंत्री जी ने वहां तुरंत ही एक पासपोर्ट कैम्प का आयोजन कराया था जिसमें 300 लोगों का सब्मिशन हुआ था, लेकिन स्थिति यह थी कि 300 लोग सब्मिशन के लिए गए और 500 लोग कोल्हापुर में कार्यालय के बाहर खड़े रहे। वे चाहते थे कि उनका भी सब्मिशन वहां हो, लेकिन नहीं हो पाया। मैं सरकार से गुजारिश करता हूं कि कोल्हापुर में जल्द से जल्द पासपोर्ट कार्यालय खोला जाए। अगर वहां सब्मिशन-कलेक्शन सेंटर भी हो जाए, तब भी हमारे लोगों को सुविधा होगी।